बिहार सरकार

# कृषि विभाग

## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), भोजपुर

कृषि उन्नत्ति योजना अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा योजना) के कार्यान्वयन हेतु जिला स्तर पर कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्त पद का विवरण निम्नवत है–

| क्र.सं. | पद का नाम | नियत मानदेय (रू0 में) | पद की सं0 | उम्र | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर (आत्मा योजना) | आत्मा मार्गदर्शिका 2025 के आलोक में राज्य सरकार के स्तर से निर्धारित मानदेय के अनुसार | 01 (एक) | 37 वर्ष (विज्ञापन प्रकाशन की तिथि तक अधिकतम) (सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं0 ज्ञापांक 294 दिनांक 07.01.2016 के अनुरूप | स्नातक की डिग्री के साथ कम्प्यूटर संचालन का पूर्ण ज्ञान। कम्प्यूटर में 01 (एक) वर्ष का डिप्लोमा अनिवार्य। |

नियोजन हेतु सामान्य सूचना–

- एकल पद हाने के कारण पद अनारक्षित है।
- चयन प्रक्रिया–आवश्यकतानुसार शैक्षणिक योग्यता/दक्षता परीक्षा/कार्यानुभव/साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।
- चयन प्रक्रिया का मापदंड जिला चयन समिति के स्तर से निर्धारित किया जाएगा।
- चयन में बिहार राज्य के निवासी को प्राथमिकता दिया जायेगा।
- उम्र के सत्यापन हेतु मैट्रिक का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- अन्य बाते समान रहने पर अधिकतम आयु के अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दिया जाएगा।
- आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
- विज्ञापन के अनुसार सभी प्रमाण–पत्रों/अंकपत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
- संविदा पर नियोजन–संविदा पर नियोजन, योजना अवधि तक अथवा अधिकतम 60 वर्ष की आयु तक के लिए अथवा दोनों में से जो पहले हो, तक के लिए किया जाएगा परंतु प्रत्येक वर्ष संविदा कर्मी के कार्यो की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के क्रम में यदि कार्य असंतोषजनक पाया जाता है तो ऐसे कर्मी को कभी भी सेवाविमुक्त किया जा सकेंगा।
- संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेगे। नियोजित व्यक्ति द्वारा नियोजन के पश्चात सरकार की सेवा में नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।
- किसी भी कर्मी के उपर उनके पूर्व के संस्थानों/विभागों के द्वारा किसी प्रकार का आरोप/विभागीय कार्रवाई/न्यायालय द्वारा दंडित नहीं की गई हो से संबंधित शपथ–पत्र (पब्लिक नोटरी से शपथ कराकर) योदान के समय कार्यालय को समर्पित करना अनिवार्य होगा।
- नियोजित कर्मियों के शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों के सत्यापन के उपरांत ही मानदेय/नियत वेतन देय होगा।
- एकरारनामा एवं नियोजन से संबंधित अन्य सभी शर्ते सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 1003, दिनांक 22.01.2021 के अनुरूप मान्य होगा।
- आवेदन पत्र, विज्ञापन प्रकाशन की तिथि 10.06.2025 से दिनांक 26.06.2025 को संध्या 05 बजे तक ही प्राप्त किया जायेगा। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रपत्र https://bhojpur.nic.in एवं www/bameti.org पर देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, भोजपुर।

# आवदेन का प्रपत्र –

पासपोर्ट साईज का स्वअभिप्रमाणित फोटो चिपकायें।

1. पद का नाम –
2. आवेदक का नाम –
3. पिता / पति का नाम–
4. आवेदक का स्थायी पता–

   ग्राम / मो0–  पथ / मकान सं0–

   पोस्ट–  थाना–

   जिला–  राज्य–

   पिन कोड सं0–
5. आवेदक का पत्राचार का पता–

   ग्राम / मो0–  पथ / मकान सं0–

   पोस्ट–  थाना–

   जिला–  राज्य–

   पिन कोड सं0–
6. आवेदक का जन्म तिथि (10वीं का प्रमाण–पत्र संलग्न करें।)–
7. आवेदक का उम्र (विज्ञापन प्रकाशन की तिथि तक) – ......... वर्ष...... माह........दिन........
8. शैक्षणिक योग्यता–
9. कार्य अनुभव–
10. आवेदक का लिंग– (महिला / पुरूष)
11. आवेदक का मोबाईल सं0 / दूरभाष सं0–
12. आवेदक का ई–मेल आई0 डी0–
13. आवेदक का नाम एवं पूर्ण हस्ताक्षर

## शपथ पत्र प्रारूप

मैं, ............................................................. (नाम), पिता का नाम .............................., पूरा पता................................................., मोबाईल नं0 .................................... शपथपूर्वक कहता/कहती हूँ कि कार्य के दौरान पूर्व के संस्थानों/विभागों/निदेशालयों/संगठनों/बोर्ड/निगम आदि के द्वारा किसी प्रकार का कोई भी आरोप मेरे ऊपर नहीं लगाया गया है, न ही मेरे विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है और न ही मुझे इस हेतु संबंधित संस्थान/न्यायालय से दंडित किया गया है।

मेरे द्वारा आवेदन में सम्मिलित सभी प्रमाणपत्र एवं अंकपत्र वैध हैं। मैं इसकी पुष्टि करता/करती हूँ। यदि मेरा कोई भी प्रमाणपत्र/अंकपत्र आत्मा कार्यालय द्वारा संबंधित संस्थानों से जाँच कराने के क्रम में अवैध पाया जाता है तो मेरे ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने हेतु आत्मा स्वतंत्र होगा।

नाम –
पूरा पता–

मोबाईल नं0–

---

**<u>आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजने हेतु पता –</u>**

**परियोजना निदेशक, आत्मा, भोजपुर।**
**प्रथम तल कृषि भवन, आरा, भोजपुर (बिहार),**
**पिन न0–802301**